अतुल्य ! भारत
Incredible !ndia

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय
# Government of India, Ministry of Tourism




# राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार 2018-19
# National Tourism Awards 2018-19

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Tourism

For more information, visit
**www.incredibleindia.org**

Utsav
India, the land of festivals

https://utsav.gov.in/

When in India, dial **1800-11-1363**

1363
24x7 TOLL-FREE
TOURIST HELPLINE

**Available in 12 International Languages:**
Hindi, English, French, Spanish, Chinese, German, Japanese, Portuguese, Arabic, Italian, Korean and Russian.

Find us on:

सर्वश्रेष्ठ राज्य / केंद्र शसित प्रदेश : पर्यटन का व्यापक विकास (शेष भारत)
प्रथम पुरस्कार (हॉल ऑफ फेम)

उत्तराखंड

## Best State / Union Territory : Comprehensive Development of Tourism (Rest of India) First Prize (Hall of Fame)

# Uttarakhand



मिथकों और पहाड़ों की भूमि देवभूमि उत्तराखंड भारत के सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक है। हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियाँ, घुमावदार नदियाँ, श्रद्धेय मंदिर, विलक्षण गाँव, जीवंत संस्कृति और विश्व विरासत स्थल, उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता और विविधता दुनिया भर के यात्रियों को आकर्षित करती है। उत्तराखंड के चार मंदिर स्थलों – यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा हिंदू धर्म में सबसे पवित्र तीर्थयात्राओं में से एक है और यह लाखों भक्तों को आकर्षित करती है।

A land of myths and mountains, Devbhoomi Uttarakhand, is one of the most beautiful States of India. Snow-capped Himalayan peaks, serpentine rivers, revered temples, quaint villages, vibrant culture, and World Heritage Sites, Uttarakhand's sheer natural beauty and diversity beckon travelers from across the world. The annual pilgrimage to four temple destinations in Uttarakhand – Yamunotri, Gangotri, Kedarnath, and Badrinath – is considered to be one of the most sacred in Hinduism, and draws millions of devotees.

सर्वश्रेष्ठ राज्य / केंद्र शासित प्रदेश : पर्यटन का व्यापक विकास (शेष भारत)
द्वितीय पुरस्कार
## महाराष्ट्र

**Best State / Union Territory: Comprehensive Development of Tourism (Rest of India)**
**Second Prize**
## Maharashtra



मुंबई के अपने बंदरगाह के माध्यम से अरब सागर पर नियंत्रण के साथ, भारत के हृदय में स्थित महाराष्ट्र में एक उल्लेखनीय भौतिक समरूपता है, जिसे इसकी भौगोलिक संरचना से मजबूती मिलती है। महाराष्ट्र राज्य को छह सांस्कृतिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है जो प्रशासनिक मंडल भी हैं। वे कोंकण, उत्तरी महाराष्ट्र (खानदेश), पश्चिमी महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और विदर्भ (नागपुर और अमरावती) हैं। इन सांस्कृतिक क्षेत्रों में अद्वितीय सांस्कृतिक विशेषताएं मौजूद हैं।

Located in the heart of India, with a command of the Arabian Sea through its Mumbai Port, Maharashtra has a remarkable physical homogeneity, enforced by its underlying geology. The State of Maharashtra is divided into six cultural zones that are also the administrative divisions. These are Konkan, North Maharashtra (Khandesh), Western Maharashtra, Marathwada and Vidarbha (Nagpur & Amravati). These cultural zones are represented by unique cultural features.

## सर्वश्रेष्ठ राज्य / केंद्र शासित प्रदेश : पर्यटन का व्यापक विकास (शेष भारत)
## तृतीय पुरस्कार
## तेलंगाना

## Best State / Union Territory : Comprehensive Development of Tourism (Rest of India)
## Third Prize
## TELANGANA



तेलंगाना राज्य एक प्रमुख पर्यटक अनुकूल गंतव्य है, जिसने वैश्विक स्तर पर अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं। कला, संस्कृति, विरासत, व्यंजन, खरीदारी, आयोजनों और मनोरंजन में राज्य द्वारा आगंतुकों को प्रदान की जाने वाली जीवंतता और विविधता इसे न केवल एक शीर्ष अवकाश गंतव्य बनाती है, अपितु एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व्यापार और चिकित्सा पर्यटन केंद्र भी बनाती है। रामप्पा मंदिर को यूनेस्को के विश्व विरासत स्थल और पोचमपल्ली को यूएनडब्ल्यूटीओ के विश्व के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में मान्यता मिल जाने से राज्य का पर्यटन उद्योग न केवल व्यापार और आर्थिक महाशक्ति अपितु मनोरंजन, मीडिया और संस्कृति के लिए भी विश्व स्तर पर एक उल्लेखनीय शोकेस के रूप में बना हुआ है।

Telangana State is a leading tourist friendly destination with many global accolades to its name. The vibrancy and diversity in art, culture, heritage, cuisine, shopping, events and entertainment Telangana offers to visitors, makes it not just a top leisure destination, but a leading international business and medical tourism hub. With the recognition of Ramappa temple as a UNESCO World Heritage Site and Pochampally as UNWTO's World's Best Tourism Village, the State's tourism industry showcases Telangana as a trade and economic powerhouse and also as a hub for entertainment, media, and culture globally.

# सर्वश्रेष्ठ राज्य / केंद्र शसित प्रदेश : पर्यटन का व्यापक विकास (शेष भारत)
## हॉल ऑफ फेम
## आंध्र प्रदेश

# Best State / Union Territory : Comprehensive Development of Tourism (Rest of India)
## Hall of Fame
## Andhra Pradesh




आंध्र प्रदेश राज्य में निवेशकों और पर्यटकों के लिए पर्यटन की बेजोड़ संभावनाएं मौजूद हैं, जो भारत में बंगाल की खाड़ी के समानांतर 974 किमी लंबी तटरेखा के साथ दूसरा सबसे लंबे समुद्र तट वाला राज्य है। आंध्र प्रदेश एक बहुरंगी प्राकृतिक पृष्ठभूमि में संस्कृति के गौरवमयी ताने-बाने को दर्शाता है। पर्यटकों को आकर्षित करने में आंध्र प्रदेश सदैव अग्रणी रहा है क्योंकि यह प्राकृतिक, पारिस्थितिक, सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से समृद्ध और विविधतापूर्ण पर्यटक गंतव्यों से समृद्ध है।

The Sunrise State of Andhra Pradesh holds unmatched tourism potential to investors and tourists. It has the second longest coastline in India – 974 km along the Bay of Bengal. Andhra Pradesh presents a glorious synthesis of culture against a colorful natural backdrop. Andhra Pradesh has always been the frontrunner in attracting tourists as it boasts of a naturally, ecologically, culturally and religiously rich and diverse variety of tourist destinations.

सर्वश्रेष्ठ राज्य / केंद्र शसित प्रदेश : पर्यटन का व्यापक विकास (शेष भारत)
हॉल ऑफ फेम
# केरल

## Best State / Union Territory :
## Comprehensive Development of Tourism (Rest of India)
## Hall of Fame
# Kerala



केरल प्राकृतिक आकर्षणों से भरपूर और भारत के कुछ बेहतरीन सामाजिक सूचकांकों से समृद्ध है। स्थायी पर्यटन, सख्त गुणवत्ता नियंत्रण, सुनियोजित विकास, संरक्षण और परिरक्षण पर फोकस के कारण केरल घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय दोनों प्रकार के पर्यटकों के बीच पसंदीदा हॉलिडे डेस्टिनेशन है। मार्केटिंग और प्रचार की नवीन तकनीकों के साथ केरल द्वारा स्थायित्व पर बल दिया जाना इसे 'महत्वपूर्ण पर्यटन' के उदाहरण के रूप में विकसित होने में सहायता करता है।

Kerala is blessed with a rich bounty of natural attractions and some of India's best social indices. Its focus on sustainable tourism, stringent quality control, planned development, conservation and preservation efforts makes Kerala a favourite holiday destination with both domestic and international tourists. Kerala's stress on sustainability is perfectly complemented by innovative marketing and promotional techniques, helping it evolve into a paradigm for 'Responsible Tourism'.

सर्वश्रेष्ठ राज्य / केंद्र शसित प्रदेश : पर्यटन का व्यापक विकास (शेष भारत)
हॉल ऑफ फेम

# गोवा

## Best State / Union Territory : Comprehensive Development of Tourism (Rest of India) Hall of Fame

# Goa



भारत के पश्चिमी तट पर बसे मनोहर राज्य गोवा के तट पर शक्तिशाली अरब सागर है, जो अंतरराष्ट्रीय और घरेलू पर्यटकों में समान रूप से लोकप्रिय गंतव्य है। यह आज के समझदार आगंतुक को तटीय, प्राकृतिक और विरासत पर्यटन संपदाओं का संतुलित तालमेल प्रदान करता है।

इसकी 105 किमी लंबी तटरेखा सुंदर समुद्री तटों से लैस है, जबकि इसके भीतरी इलाकों में सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और मेहमाननवाजी के शौकीन लोगों के साथ हरे-भरे पहाड़ मौजूद हैं। यहां इमारतों, मंदिरों, चर्चों, मस्जिदों और मकानों सहित वास्तुकला की विशिष्ट शैली में निर्मित विभिन्न विरासत स्थल हैं। इसके पूर्वी हिस्से में स्थित पश्चिमी घाट जैव विविधता के हॉटस्पॉट हैं, जो वनस्पतियों और जीवों से समृद्ध हैं।

Goa, a picturesque State on the west coast of India having the mighty Arabian sea along its coast is a destination sought by international and domestic tourists alike. It offers a balanced mix of coastal, natural and heritage tourism assets to the discerning visitor.

Its 105 km coastline is lined with beautiful beaches, while its hinterlands boast of lush green mountains with culturally rich and hospitable people. It has various heritage buildings with a distinctive style of architecture including temples, churches, mosques, and houses. The Western Ghats on its Eastern side are a bio-diversity hotspot, rich in flora and fauna.

# सर्वश्रेष्ठ जिला पर्यटन संवर्धन परिषद

# कोझीकोड

# Best District Tourism Promotional Council

# Kozhikode




जिला पर्यटन प्रचार परिषद (डीटीपीसी) की स्थापना विभिन्न सरकारी विभागों, स्वैच्छिक एजेंसियों और यात्रा एवं पर्यटन में रुचि रखने वाले अन्य लोगों के समन्वय द्वारा निरंतर प्रयासों के माध्यम से जिले की पर्यटन क्षमता का पूरी तरह से लाभ उठाने के उद्देश्य से की गई है।

डीटीपीसी, कोझीकोड का ध्यान मुख्य रूप से स्थानीय सरकारों के माध्यम से काम करके विभिन्न समुद्र तटों, बायो पार्क, हिल स्टेशनों, साइनेज में सुधार, स्वच्छता आदि पर जिले की पर्यटन प्रचार से जुड़ी गतिविधियों, विरासत संरक्षण और परिरक्षण, पर्यटन क्लबों के समन्वय, पर्यटन जागरूकता के निर्माण और मेजबान समुदाय की तैयारी, पेइंग गेस्ट योजना को बढ़ावा देने, सूचना के प्रसार और स्थानीय अवसंरचना परियोजनाओं पर केंद्रित है।

The District Tourism Promotion Council (DTPC) is set up with the purpose of fully exploiting the tourism potential of the district through sustained efforts by co-ordinating various Government departments, voluntary agencies and others interested in travel and tourism.

DTPC Kozhikode mainly concentrates on the district's tourism promotional activities on various beaches, bio parks, hill stations, improvement of signages, sanitation etc., by working with the local governments, heritage conservation and preservation, coordination of tourism clubs, creation of tourism awareness and preparation of host community, promotion of paying guest scheme, information dissemination and local basic infrastructure projects.

## सर्वश्रेष्ठ अनुरक्षत और दिव्यांग अनुकूल स्मारक
# शिव मंदिर, भोजपुर, मध्य प्रदेश

## Best Maintained and Differently Abled Friendly Monument
# Shiv Temple, Bhojpur, Madhya Pradesh



भोजपुर शहर का नाम परमार वंश के राजा "राजा भोज" के नाम पर रखा गया है और यह अपने विशाल शिव मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। राजधानी भोपाल से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह छोटा सा शहर पर्यटकों के लिए एक वर्षपर्यंत गंतव्य है। इस धार्मिक स्मारक को दिव्यांग अतिथियों के लिए सुगम बनाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और स्थानीय प्रशासन ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। सुगम रैंप, मंदिर परिसर में व्हीलचेयर की उपलब्धता, बैरियर मुक्त टिकट-काउंटर, बाधा मुक्त शौचालय और पार्किंग, मदद के लिए रेलिंग, द्विभाषी संकेतक, नोटिस बोर्ड और ब्रेल में बुनियादी सुविधाओं के संकेतक जैसी सुविधाओं आदि के साथ, यह दिव्यांग अतिथियों की सहायता करने के लिए सुविचारित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

The town of Bhojpur is named after the commemorated King of Parmar dynasty “Raja Bhoj” and is famous for its gigantic Shiva Temple. The tiny town situated approximately 30 Km from the capital Bhopal is a year-round destination for tourists to visit. To make this religious monument accessible to disabled guests ASI and local administration has left no stone unturned. With facilities in place like easily accessible ramps, availability of wheelchairs at Temple premises, barrier-free ticket-counter, barrier-free – toilets and parking, railings in place to help, bilingual signages, notice boards, and indicators for basic amenities in Braille, etc. depicts the thoughtful approach to help the disabled guests.

## प्रमुख शहरों में सर्वश्रेष्ठ पर्यटक अनुकूल हवाई अड्डा
## कोलकाता
## Best Tourist Friendly Airport in Class X Cities
## Kolkata



पूर्वी और उत्तर पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डा, कोलकाता 1900 के दशक की शुरुआत में भारत के पूर्वी किनारे पर अपनी कार्यनीतिक अवस्थिति के कारण प्रसिद्ध हुआ है। यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाओं के अलावा, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का कोलकाता हवाई अड्डा, हवाई अड्डे से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए 'स्थान की भावना' पैदा करने का प्रयास करता है। हवाई अड्डे पर स्थापित कलाकृतियों के माध्यम से राज्य की विशिष्ट पहचान और संस्कृति को दर्शाते हुए, हम न केवल प्रत्येक दिन के साथ ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने की इच्छा रखते हैं, बल्कि क्षेत्र की संस्कृति और परंपरा को भी बढ़ावा देते हैं।

The gateway to Eastern and North Eastern India, Netaji Subhas Chandra Bose International (NSCBI) Airport, Kolkata rose to prominence in the early 1900s due to its strategic position at the Eastern edge of India. Apart from the essential facilities for the passengers, AAI's Kolkata Airport strives to create a 'sense of place' for the travellers transiting through the Airport. By reflecting the unique identity and culture of the State through the artworks installed at the Airport, NSCBI aspires to enhance the customer experience with each passing day but also promote the culture and tradition of the region.

# सर्वश्रेष्ठ पर्यटक अनुकूल रेलवे स्टेशन
# सिकंदराबाद
## Best Tourist-friendly Railway Station
## Secunderabad




सिकंदराबाद जंक्शन रेलवे स्टेशन तेलंगाना राज्य में शहर के बीचों बीच स्थित पर्यटक अनुकूल रेलवे स्टेशन है।

यह भवन एक किले जैसा दिखता है और उस शहर के पर्यटक आकर्षण में से एक है, जिसमें बहुत सारे पर्यटन स्थल हैं, जैसे गोलकोंडा किला, चारमीनार, हुसैन सागर झील में एक ही चट्टान से उकेरी गई 58 फीट की बुद्ध प्रतिमा, मक्का मस्जिद, बिड़ला मंदिर, रामोजी फिल्म सिटी आदि। सभी प्रमुख टूर ऑपरेटर और स्टार होटल आसपास ही हैं। सिकंदराबाद भारतीय रेलवे का पहला स्टेशन है जिसे आईजीबीसी और सीआईआई द्वारा ग्रीन "प्लैटिनम रेटिंग" से सम्मानि किया गया है।

Secunderabad Junction Railway station is a tourist friendly railway station located in the heart of the city in Telangana.

The building resembles a fort and is one of the tourist attractions in the city, having a lot of tourist spots i.e., Golconda Fort, Charminar, the single rock engraved Buddha statue, 58 ft high in Hussain Sagar lake, Mecca Masjid, Birla Mandir, Ramoji Film City etc. All the major tour operators and star hotels are located in the vicinity. Secunderabad is the first station in Indian Railways to be awarded with the green “Platinum Rating” by IGBC & CII.

## प्रमुख शहरों के अतिरिक्त अन्य शहरों में सर्वश्रेष्ठ पर्यटक अनुकूल हवाई अड्डा
## इंदौर

## Best Tourist-friendly Airport in other cities
## Indore



देवी अहिल्या बाई होल्कर हवाई अड्डा, इंदौर, इंदौर शहर का प्रवेश द्वार है जो मध्य प्रदेश का व्यापार केंद्र माना जाता है।

इंदौर के देवी अहिल्या बाई होल्कर हवाई अड्डे, का उद्देश्य "भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण" के मिशन के अनुरूप है जो हवाई यातायात सेवाओं में सुरक्षा और गुणवत्ता के उच्चतम मानक प्रदान करता है।

इंदौर हवाई अड्डे को मध्य और पश्चिमी भारत में एक प्रमुख व्यापार केंद्र के रूप विकसित करने के उद्देश्य से ग्राहकों की संपूर्ण संतुष्टि के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना प्रदान करके यह हवाई अड्डा हमेशा ग्राहकों की संतुष्टि और हवाई अड्डे के प्रबंधन के उच्चतम मानकों को प्राप्त करने का प्रयास करता है।

Devi Ahilya Bai Holkar Airport, Indore is the gateway to the city of Indore which is the Business hub of Madhya Pradesh.

The objective of Devi Ahilya Bai Holkar Airport, Indore is in line with the Mission of "Airports Authority of India" that is to provide highest standards of safety & quality in Air Traffic Services. The Airport always strives to achieve customer satisfaction and highest standards of airport management by providing state-of-the-art infrastructure for total customer satisfaction with an aim to make Indore Airport as a major hub in Central and Western India.

सर्वश्रेष्ठ विरासत शहर

# अहमदाबाद

## Best Heritage City

# Ahmedabad



यूनेस्को के विश्व विरासत शहर के रूप में अंकित होने वाला पहला भारतीय शहर होने के नाते अहमदाबाद 600 वर्ष पुरानी विरासत का गौरवशाली वाहक है; जो मुगल सूबे से लेकर मराठा काल और फिर ब्रिटिश प्रांत तक एक सल्तनत शहर के रूप में और अंत में एक व्यापारी शहर के रूप में कई ऐसे उल्लेखनीय परिवर्तनों से गुजरा है जो शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में बिना किसी कठिनाई के अबाध और खूबसूरती से समाहित हो गए हैं।

Ahmedabad is the 1st Indian City to be recognised as a UNESCO World Heritage City. It has 600 years of history, started as a Sultanate, became a Mughal province in the Maratha period, then a British province and finally emerged as a merchant town. The city has witnessed numerous transformations that have been beautifully absorbed into the city's rich cultural heritage.

भारत में पर्यटक स्थल का सिविक प्रबंधन
(श्रेणी – क)

# इंदौर, मध्य प्रदेश

## Civic Management of a Tourist Destination in India (Category – A)

# Indore, Madhya Pradesh



मध्य प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी, इंदौर शहर, मध्य भारत का सबसे बड़ा और सबसे घनी आबादी वाला शहर है। यह शहर अपने इतिहास, स्मारकों, खानपान और बाज़ारों के लिए जाना जाता है। इसे शिक्षा का केंद्र माना जाता है और भारत का तीसरा सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज यहीं है । इंदौर नगर निगम, जो 4 मार्च 2021 को 'नगरपालिका प्रदर्शन सूचकांक' में प्रथम स्थान पर था और साथ ही शहर को 'खुले में शौच मुक्त' प्रमाणित किया गया है । वर्ष 2017 से 2020 तक स्वच्छ सर्वेक्षण में इंदौर को पहले स्थान पर रखा गया है। इसकी केंद्रीय निगरानी प्रणाली के साथ घर-घर जाकर कचरा संग्रह, पूरी तरह से स्वचालित स्थानांतरण स्टेशन, सड़कों की मशीनीकृत सफाई, गीला अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र आदि जैसी प्रथाओं ने शहर को हमेशा नागरिक प्रबंधन के मामले में आगे रखा । उत्कृष्ट सामुदायिक भागीदारी के साथ, इंदौर साल दर साल स्वच्छता के लिए मानक स्थापित कर रहा है।

The commercial capital of Madhya Pradesh, Indore city, is the largest and most densely populated city in central India. The city is known for its history, monuments, food, and bazaars. It is considered the educational hub and home to India's third oldest stock exchange. Indore Municipal Corporation was ranked 1st in the 'Municipal Performance Index' on 4th March 2021 and the city is also certified 'Open Defecation Free'. Indore is ranked at the No. 01 position in Swachh Survekshan from the year 2017 to 2020. Practices like door-to-door waste collection along with its central monitoring system, fully automated transfer stations, mechanized road sweeping, wet waste processing plants, etc. had always kept the city ahead in terms of Civic management. With excellent community participation, Indore is setting benchmarks for cleanliness year after year.

भारत में पर्यटक स्थल का सिविक प्रबंधन
(श्रेणी - ख)

# पंचगनी हिल स्टेशन, नगर परिशद्, महाराष्ट्र

## Civic Management of a Tourist Destination in India
(Category –B )

# Panchgani, Hill Station, Municipal Council, Maharashtra



पंचगनी हिल स्टेशन नगर पालिका परिषद महाराष्ट्र राज्य के सतारा जिले में स्थित है। इसकी खोज अंग्रेजों द्वारा की गयी थी और पूरे वर्ष सुखद जलवायु के कारण इसे विश्राम और आश्रय के स्थान के रूप में विकसित किया गया था। यहां की आबादी लगभग 15000 है और यहां सालाना लगभग 10-12 लाख पर्यटक आते हैं।

पंचगनी एक पर्यटन स्थल के साथ-साथ शिक्षा के केंद्र के रूप में भी कार्य करता है। इसके सुंदर दृश्य, प्राकृतिक सुंदरता और प्रमुख आवासीय शिक्षा संस्थान हर जगह से लोगों को आकर्षित करते हैं। यहां लगभग 40 से 45 आवासीय विद्यालय हैं जो लगभग 7500 छात्रों को शिक्षा प्रदान करते हैं। इन संस्थानों में भारत के ही नहीं बल्कि विदेशी छात्र भी पढ़ते हैं।

Panchgani Hill Station Municipal Council is located in Satara District in the State of Maharashtra. It was discovered by the British and developed as a retreatment place due to the pleasant climate throughout the year. The population is around 15000 and have a tourist in-flow of around 10-12 lakh yearly.

Panchgani serves as a tourist place as well as an educational hub. Its scenic views, natural beauty and premier residential educational institutions attract people from all over. There are around 40 to 45 Residential schools which cater to around 7500 students. Students not only from India but also abroad study at these institutions.

भारत में पर्यटक स्थल का सिविक प्रबंधन
(श्रेणी – ग)

# कलंगुट, गोवा

**Civic Management of a Tourist Destination in India**
**(Category – C)**

# Calangute, Goa




कलंगुट भारत के पश्चिमी राज्य गोवा का एक गांव है। अरब सागर के तट पर यह लंबे, रेतीले कलंगुट बीच का स्थान है, जिसके किनारे अनेक रेस्तरां पंक्तिबद्ध हैं, उत्तर की ओर बागा बीच पैरासेलिंग और वाटर स्कीइंग जैसी वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के लिए एक लोकप्रिय स्थान है।

कलंगुट गांव में चिकित्सा सुविधाओं के अलावा डाकघर, बैंक, विदेशी मुद्रा कार्यालय, रिसॉर्ट कंपनियां, सभी प्रकार के रेस्तरां जैसी सभी बुनियादी सुविधाएं हैं और यह भारत के प्रसिद्ध समुद्र तट पर्यटन गांवों में से एक है। कैंडोलिम और बागा के बीच में बसा कलंगुट बीच, तट गोवा में सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों पर्यटकों को समान रूप से आकर्षित करता है।

Calangute is a village in the western Indian State of Goa. Standing on the shores of the Arabian Sea, its home to the long, sandy Calangute Beach, lined with restaurants. Further north is the Baga Beach a popular spot for water sport activities like parasailing and water skiing, among others.

The village of Calangute has all basic facilities like a post office, banks, foreign exchange offices, resort companies, all kinds of restaurants, besides medical facilities and is one of the renowned Beach Tourism villages in India. Centrally located between Candolim and Baga, Calangute beach is one of the most popular Tourist destinations in Goa attracting both domestic and international tourists alike.

## स्वच्छ पर्यटन स्थान पुरस्कार (पश्चिम एंव मध्य क्षेत्र)
## उज्जैन, मध्य प्रदेश

## Swachh Paryatan Sthaan Award (West & Central Region)
## Ujjain, Madhya Pradesh




उज्जैन का प्राचीन शहर भगवान महाकाल (महाकालेश्वर मंदिर भारत में बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक) का निवास है और अपने आसपास कई मंदिरों और अन्य पर्यटन स्थलों को समाए हुए है। मध्य प्रदेश के इस पांचवें सबसे बड़े शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में "भारत के सबसे स्वच्छ शहर (2-10 लाख आबादी)" से सम्मानित किया गया।

शहर में स्वच्छता और नागरिकों तथा पर्यटकों को बेहतर सौंदर्य अनुभव प्रदान करने के कठिन कार्यों को सुनिश्चित करने के लिए, उज्जैन नगर निगम ने एक कुशल एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुविधा की स्थापना की है और घर-घर जाकर कचरा संग्रह, कचरे के पुनर्चक्रण के साथ-साथ सड़कों की मशीनीकृत सफाई, कचरे के केंद्रीकृत प्रसंस्करण की स्थापना और खाद बनाने के लिए उचित बुनियादी तंत्र विकसित किया है।

The ancient city of Ujjain is the abode of Lord Mahakaal (Mahakaleshwar Temple one of the twelve Jyotirlingas in India) and dotted with numerous temples and other tourist places. This fifth largest city of Madhya Pradesh it was awarded the "Cleanest City in India (2-10 lakhs population)' in Swachh Survekshan 2019.

To ensure the herculean task of providing cleanliness in the city and better aesthetics to citizen and tourists, Ujjain Municipal Corporation has established an efficient Integrated Solid Waste Management Facility and has developed a proper infrastructure for door-to -door garbage collection, recycling of waste along with mechanized sweeping of roads, establishment of centralized processing of waste and composting.

स्वच्छ पर्यटन स्थान पुरस्कार (उत्तरी क्षेत्र)

# हवा महल, राजस्थान

## Swachh Paryatan Sthaan Award (Northern Region)

# Hawa Mahal, Rajasthan



गुलाबी शहर जयपुर वास्तुकला के इस अनोखे नमूने, अलंकृत हवा महल, या पैलेस ऑफ विंड्स के लिए बेहतर जाना जाता है, जो बड़ी चौपड़ के पास स्थित है। इसे 1799 ई. में महाराजा सवाई प्रताप सिंह ने अपने कुशल वास्तुकार उस्ताद लाल चंद की देखरेख में बनवाया था। हवा महल एक उल्लेखनीय संरचना है जो मुख्य सड़कों में से एक के किनारे स्थित है और शहर के कुछ उत्कृष्ट नजारे भी प्रस्तुत करता है।

हवा महल एक मुकुट के आकार का है । यह पांच मंजिला पिरामिड के आकार की संरचना भगवान कृष्ण के सिर को सुशोभित करती है। प्रत्येक मंजिल को अलग-अलग नाम दिया गया है जैसे - शरद मंदिर, रतन मंदिर, विचित्र मंदिर, प्रकाश मंदिर और हवा मंदिर। यह असाधारण संरचना एक महल की तुलना में एक चित्रपट की तरह अधिक है। यह 87 फीट ऊंची एक पतली ढाल है जिसमें 365 खिड़कियां हैं।

Jaipur the Pink City is better known by this unique piece of architecture, the ornate Hawa Mahal, or the Palace of Winds and is centrally located near Badi Chaupar. Built in 1799 AD by Maharaja Sawai Pratap Singh under the supervision of his able architect Ustad Lal Chand. The Hawa Mahal is a remarkable structure which overlooks one of the main streets and also provides some excellent views of the city.

Hawa Mahal is shaped like a mukut or crown, a five storied pyramid shaped structure which is similar to the crown which adorns Lord Krishna's head. Each storey is named differently - Sharad Mandir, Ratan Mandir, Vichitra Mandir, Prakash Mandir and Hawa Mandir. This unusual structure is more like a screen than a palace. It is a 87 feet high thin shield having 365 windows.

# सर्वश्रेष्ठ विरासत वॉक
# अहमदाबाद हेरिटेज वॉक
# Best Heritage Walk
# Ahmedabad Heritage Walk



अहमदाबाद की एक अनूठी विशेषता है हेरिटेज वॉक – अहमदाबाद की विरासत और गौरव के समृद्ध, मूल भाव का अनुभव करने के लिए पुराने क्वार्टर से वॉक करना और प्रकृति, वास्तुकला, कला, धार्मिक स्थानों, संस्कृति और परंपराओं का निरीक्षण करना आवश्यक है। इस वॉक में बड़ी संख्या में पोल शामिल हैं। जिसने बड़ी संख्या में लोगों को आश्रय दिया है। इनमें से कुछ पोल वस्तुतः छोटे गाँव हैं, जहां संकरी गलियां मौजूद हैं, जो आम तौर पर सामुदायिक कुओं और पक्षियों को खिलाने के लिए बने चबूतरे वाले चौकों पर समाप्त होती हैं। इन पोलों को फाटकों, एक सिरे पर बंद सड़कों और गुप्त मार्गों द्वारा संरक्षित किया गया था। यह वॉक सुबह 8 बजे स्वामीनारायण मंदिर, कालूपुर से शुरू होती है और सुबह 10.00 बजे जामा मस्जिद पर समाप्त होती है।

A special unique feature of Ahmedabad is the Heritage Walk. To experience the rich, original essence of heritage and glory of Ahmedabad, it is necessary to walk through an old quarter and indeed observe nature, its architecture, art, religious places, culture and traditions. The walk comprises numerous pols, self-contained neighbourhoods, sheltering a large number of people. Some of these pols are virtually small villages, traversed by narrow streets, usually terminating in squares with community wells and chabutros for feeding birds. These pols were protected by gates, cul-de-sacs and secret passages. The walk starts from Swaminarayan Temple Kalupur at 8.00 AM and terminates at Jama Masjid at 10.00 AM.

## सबसे नवीन / अद्वितीय पर्यटन उत्पाद

# बकरी छाप एग्रो टूरिज्म एंड नेचुरल प्रोडक्ट प्रा. लि.

## Most Innovative / Unique Tourism Product

# Bakri Chhap Agro Tourism and Natural Product Pvt. Ltd.



बकरी छाप एकीकृत ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध एक ग्रह समर्थक, जन समर्थक और लाभकारी संगठन है। स्थायित्व के अपने धर्म, न्यूनतमवाद के अपने नियंत्रक सिद्धांत और कम प्रयोग, पुनः प्रयोग और पुनर्चक्रण के अपने तीन महत्वपूर्ण सिद्धान्तों के साथ, भारत की अगली सफलता की कहानी सीधे उसके गांवों से शुरू करने का प्रयास करते हैं।

2015 में अपनी यात्रा शुरू करने के बाद, ग्रामीण पर्यटन, क्षमता निर्माण और छोटे, मध्यम और लघु किसानों के लिए बाजार लिंकेज में कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं। सांस्कृतिक, पर्यावरण और विरासत परिसंपत्तियों पर ध्यान केंद्रित करना और खुद को 'ग्रामीण भारत के परिसंपत्ति प्रबंधकों' की नई नस्ल के रूप में स्थापित करना बकरी छाप का प्रमुख उद्देश्य है।

Bakri Chhap is a pro-planet, pro-people and for-profit organization committed to integrated rural development. With sustainability being its religion, minimalism its governing philosophy and reduce, reuse and recycle being its holy trinity, it plans to carve India's next success story, straight from its villages.

Having started our journey in 2015, it won several coveted national and international awards in rural tourism, capacity building and market linkage for small, marginalized and micro farmers. It focuses upon cultural, environmental and heritage assets, and positioned itself as a new breed of 'asset managers of rural India.'

## सबसे ज़िम्मेदार पर्यटन परियोजना पहल
## श्री जयेश परांजपे, द वेस्टर्न रूट्स

## Most Responsible Tourism Project / Initiative
## Shri Jayesh Paranjape, The Western Routes



द वेस्टर्न रूट्स, पुणे, महाराष्ट्र में स्थित एक जिम्मेदार ट्रैवल कंपनी है। दिसंबर 2011 में इसे पुणे विश्वविद्यालय (एमएससी पर्यावरण विज्ञान) और लीड्स बेकेट विश्वविद्यालय (महत्वपूर्ण पर्यटन प्रबंधन में एमए) के पूर्व छात्र जयेश परांजपे द्वारा स्थापित किया गया था। कंपनी की स्थापना महाराष्ट्र राज्य को एक असामान्य (ऑफ-बीट) और अनुभवात्मक पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। हमारा मुख्य उद्देश्य अपनी संस्कृति, परंपराओं, प्रकृति और विरासत के इर्द-गिर्द महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में पर्यटन पर है। इसके साथ ही, हम पुणे शहर में हेरिटेज, फूड और फेस्टिवल वॉक का आयोजन और संचालन करते हैं। 2016 से, हमने पूरे भारत में इतिहास, संस्कृति, वन्य जीवन और भोजन पर आधारित यात्रा कार्यक्रम बनाने का उद्यम किया है।

The Western Routes, is a responsible travel company based in Pune, Maharashtra. Established in December 2011, it was founded by Jayesh Paranjape, an alumnus of Pune University (M.Sc. Environmental Science) and Leeds Beckett University (M.A. in Responsible Tourism Management). The company was founded with the aim to promote Maharashtra State as an off-beat and experiential tourism destination. Their primary focus are their tours to different parts of Maharashtra which are themed around Maharashtra's culture, traditions, nature and heritage. Along with this, they curate and conduct heritage, food and festival walks in Pune city. Since 2016, they have ventured into creating curated itineraries across India themed around history, culture, wildlife and food.

एडवेंचर पर्यटन के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य

# उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड

**Best State for Adventure Tourism**

# Uttarakhand Tourism Development Board



उत्तराखंड एक युवा राज्य है, जो प्रकृति के असीम उपहारों से संपन्न है, चाहे वह शक्तिशाली हिमालय की चोटियाँ और सुंदर घाटियां हों, असंख्य जल निकाय हों या असीम आकाश। वर्ष 2000 में राज्य के गठन के बाद से, राज्य पर्यटन विभाग कुछ ज्ञात स्थलों में राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, ट्रेकिंग, माउंटेन क्लाइम्बिंग, स्कीइंग और अन्य साहसिक खेल संबंधी गतिविधियों का संचालन करते हुए सक्रिय रूप से राज्य भर में नई साहसिक पर्यटन संभावनाओं की खोज कर रहा है।

पर्यटकों को रोमांचकारी साहसिक गतिविधियां प्रदान करने के साथ-साथ एक सुरक्षित अनुभव के लिए अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के अनुपालन पर मुख्य रूप से ध्यान केन्द्रित कर रहा है।

Uttarakhand is a young State, endowed with nature's boundless gifts, be it the mighty Himalayan peaks and beautiful valleys, numerous water bodies or the limitless sky. Since the State's formation in the year 2000, the State Tourism Dept. has been actively exploring new adventure tourism possibilities across the state, while conducting rafting, paragliding, trekking, mountain climbing, skiing and other adventure sports activities in some known destinations.

Along with providing tourists with thrilling adventure activities, adherence to international safety standards to have a safe experience has been the prime focus.

अंग्रेजी प्रकाशन में उत्कृष्टता


# श्री मलय मंडल (संयुक्त विजेता)

# 'मांडू का जादू' पुस्तक के लिये

**Excellence in Publishing in English**

# Shri Malaya Mandal (Joint Winner)

# For Book on Magic of Mandu




इस सहयोगात्मक प्रयास का उद्देश्य मांडू के खोए हुए वैभव का पुनर्सृजन था – एक मध्ययुगीन महानगर – जो 1401–1650 सीई के बीच फला-फूला और पूरी दुनिया में किलों की सबसे बड़ी राजधानी बन गया। अपनी बहु-सांस्कृतिक शुरुआत के साथ, मांडू भारतीय उपमहाद्वीप में कला और वास्तुकला के प्रवर्तक के रूप में विकसित हुआ। परंतु वह सब अतीत है और भुला दिया गया है। "मांडू का जादू" ऐतिहासिक तथ्यों को सही करना चाहता है और मांडू को वह महत्व और सम्मान देना चाहता है, जिसका वह हकदार है। विशेष रूप से शुरू किए गए कलात्मक दृश्यों का उपयोग करके, मांडू को उस रूप में चित्रित करने का प्रयास किया गया जैसा वह अपने सुनहरे दिनों में दिखता था।

This collaborative effort was aimed at recreating the lost splendor of Mandu – a medieval metropolis - that thrived between 1401-1650 CE and went on to become the largest fortified capital in the whole world. With its multi-cultural beginnings, Mandu evolved as an originator of art and architecture in the Indian subcontinent. But all this is past and forgotten! “The Magic of Mandu” wants to set right the historical facts and accord Mandu the stature and respect it rightfully deserves. By making use of specially commissioned artistic visualizations, an attempt was made to depict Mandu as it looked in its heyday.

अंग्रेजी प्रकाशन में उत्कृष्टता

# आंध्र प्रदेश पर्यटन प्राधिकरण, आंध्र प्रदेश सरकार (संयक्त विजेता)
# कॉफी टेबल पुस्तिका – समुद्रतट

**Excellence in Publishing in English**

# Andhra Pradesh Tourism Authority, Government of Andhra Pradesh (Joint Winner) Coffee Table Book -Seaside




आंध्र प्रदेश राज्य अपनी सुंदर तटरेखा, जो कोरोमंडल तट का एक हिस्सा है, के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें प्राचीन समुद्र तटों द्वारा अंतर्निहित एक सुनहरा खंड है। कॉफी टेबल पुस्तिका 'समुद्र तट – आंध्र प्रदेश के समुद्र तट' पारभासी पानी, नीला आसमान, लहरों की लयबद्ध लोरी और धूप में तपती रेत पर पड़ी रंगीन नावों से सजाई गई तस्वीरों का एक जीवंत संग्रह है। यह रुशिकोंडा में सबसे प्रतिष्ठित "ब्लू फ्लैग" प्रमाणित समुद्र तट सहित राज्य भर में फैले 41 समुद्र तटों की विशेषता दर्शाने वाला एक अदभुत संस्करण है। इस पुस्तिका की सामग्री आंध्र प्रदेश की स्थलाकृति, समुद्र तट, भौतिक विशेषताओं का वर्णन करती है। यह कॉफी टेबल पुस्तिका – 'समुद्र तट' हर पर्यटक को सबसे आकर्षक प्राकृतिक तटों की खोज करने और यहां आने के लिए प्रेरित करती है।

The State of Andhra Pradesh is distinguished by the presence of a beautiful shoreline which is a part of the Coromandel Coast with a golden stretch embedded by pristine beaches. The Coffee Table Book "Sea Side - Beaches of Andhra Pradesh" is a breathtaking vivid collection of photographs capturing translucent water, azure skies, rhythmic lullaby of the waves and colorful boats lying on the sun baked sand. It is a stunning edition featuring 41 beaches across the State including the most coveted "Blue Flag" certified Beach at Rushikonda. The contents of this book describe the topography, coastline, physical features of Andhra Pradesh.

This Coffee Table Book - Sea Side inspires every tourist to explore and plan an escape into the most alluring scenic shores.

हिन्दी प्रकाशन में उत्कृष्टता

मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड

## “मालवा के भित्तिचित्र” पुस्तक के लिए

**Excellence in Publishing in Hindi**

## Madhya Pradesh Tourism Board For Book on

## ‘‘मालवा के भित्ति चित्र’’




जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी ने मध्य प्रदेश के सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण जिलों की समृद्ध लोक चित्रकला परंपरा पर किए गए शोध एवं सर्वेक्षणों के आधार पर अनुष्ठानों के चित्रों की उपयोगिता एवं तथ्यात्मक संदर्भों सहित इस सचित्र पुस्तक का प्रकाशन किया है। मध्य प्रदेश की भित्ति चित्रकला परंपरा का प्रमाण चौथी–पांचवीं शताब्दी में बाघ की गुफाओं में देखे गए गुफा चित्रों से मिलता है। एक लंबा समय गुज़र जाने के कारण ये चित्र खराब हो गए हैं, फिर भी इन क्षेत्रों में उपलब्ध भित्ति चित्र (पेंटिंग) इस समृद्ध परंपरा के बारे में बताते हैं, मालवा इस दृष्टिकोण से सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है। ये भित्ति चित्र पुरातत्व और सौंदर्य महत्व के विभिन्न मंदिरों और अन्य अवसंरचनाओं में आसानी से देखे जा सकते हैं। इस पुस्तक के प्रकाशन का उद्देश्य मालवा की समृद्ध भित्ति चित्र (म्यूरल / फ्रेसको) परंपरा को पुनः स्थापित करना है।


Janjaatiye Lok Kala Evam Boli Vikas Akademi has published this pictorial book based on the research and surveys done on the rich folk painting tradition of the culturally important districts of Madhya Pradesh, along with the usefulness and factual references of pictures of rituals. Evidence of the mural painting tradition of Madhya Pradesh comes from the cave paintings seen at Bagh caves back in the 4th-5th century. These paintings have decayed over a long period of time, yet the murals (paintings) that are available in these areas speak about this rich tradition, Malwa being the most important region from this point of view. These murals or frescos can be easily seen in different temples and other structures that are of archeological and aesthetical importance. The objective of publishing this book is to re-establish the rich mural / fresco painting tradition of Malwa.

अंग्रेज़ी के अलावा विदेशी भाषा में प्रकाशन में उत्कृष्टता

## आंध्र प्रदेश पर्यटन प्राधिकरण कॉफी टेबल पुस्तिका – 'समुद्र तट' (रूसी में) और दस्तकारी (स्पेनिश और जर्मन में) के लिए

**Excellence in Publishing in Foreign Language**

## Andhra Pradesh Tourism Authority for Coffee Table Books – Seaside (In Russian) and Handcrafted (in Spanish and German)




आंध्र प्रदेश राज्य अपनी सुंदर तटरेखा, जो कोरोमंडल तट का एक हिस्सा है, के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें प्राचीन समुद्र तटों द्वारा अंतर्निहित एक सुनहरा खंड है। कॉफी टेबल पुस्तिका 'समुद्र तट – आंध्र प्रदेश के समुद्र तट' पारभासी पानी, नीला आसमान, लहरों की लयबद्ध लोरी और धूप में तपती रेत पर पड़ी रंगीन नावों से सजाई गई तस्वीरों का एक जीवंत संग्रह है। यह रुशिकोंडा में सबसे प्रतिष्ठित "ब्लू फ्लैग" प्रमाणित समुद्र तट सहित राज्य भर में फैले 41 समुद्र तटों की विशेषता दर्शाने वाला एक अदभुत संस्करण है। इस पुस्तिका की सामग्री आंध्र प्रदेश की स्थलाकृति, समुद्र तट, भौतिक विशेषताओं का वर्णन करती है। यह कॉफी टेबल पुस्तिका – 'समुद्र तट' हर पर्यटक को सबसे आकर्षक प्राकृतिक तटों की खोज करने और यहां आने के लिए प्रेरित करती है।

The State of Andhra Pradesh is distinguished by the presence of a beautiful shoreline which is a part of the Coromandel Coast with a golden stretch embedded by pristine beaches. The Coffee Table Book "Sea Side - Beaches of Andhra Pradesh" is a breathtaking vivid collection of photographs capturing translucent water, azure skies, rhythmic lullaby of the waves and colorful boats lying on the sun baked sand. It is a stunning edition featuring 41 beaches across the State including the most coveted "Blue Flag" certified beach at Rushikonda. The contents of this book describe the topography, coastline, physical features of Andhra Pradesh.

## सर्वश्रेष्ठ पर्यटन संवर्धन प्रचार सामग्री (राज्य सरकारें / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन)
## मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड
## मानचित्र के साथ भोपाल के पॉकेट ब्रोशर के लिए

## Best Tourism Promotion Publicity Material (State Governments/UT Administrations)
## Madhya Pradesh Tourism Board
## For Pocket Brochure of Bhopal with Map




भोपाल ब्रोशर साहसिक पर्यटन प्रेमी यात्री को भोपाल जैसे प्यारे शहर से परिचित कराने का एक मजेदार और मैत्रीपूर्ण तरीका है। यह एक पर्यटन मानचित्र की तरह खुलता है और झीलों के शहर के असंख्य आकर्षणों को एक आसान ब्राउज़ करने वाले फ्रेम में सारांशित करता है। इस ब्रोशर में प्रयुक्त रंग आंखों को मनोहर लगते हैं, लेआउट में सभी आकर्षणों को उपयुक्त रूप से दर्शाया गया है और ब्रोशर को इस प्रकार व्यवस्थित किया गया है कि यात्रियों को हर बार ब्रोशर खोलने पर कुछ नया खोजने का अवसर मिलता है।

The pocket size Bhopal Brochure is a fun and friendly way to introduce a dainty city like Bhopal to an adventure thirsty traveler. It opens up like a tourist map and summarizes the myriad attractions of the city of lakes in one easy to browse frame. The colors are gentle on the eye, the layout gives equal chance to all attractions and the jumbled arrangement gives the traveler a chance to discover something new every time the brochure is opened.

सर्वश्रेष्ठ पर्यटन संवर्धन प्रचार सामग्री
(निजी हितधारक)

# इम्प्रेशन टूरिज़्म सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड

**Best Tourism Promotion Material**
**Private Stakeholders**

# Impression Tourism Services (India) Pvt. Ltd.




सिक्किम-बंगाल क्षेत्र की अद्भुत विविधता एक जीवन बदलने वाला अनुभव प्रदान करती है और आईटीएस इसे सिक्किम में हिमालय के पहाड़ों से बंगाल में सुंदरवन के मैंग्रोव तक 1000 किमी की एक अभिनव फोटो यात्रा द्वारा प्रदर्शित करता है। "माउंटेंस टू मैंग्रोव्स - ए जर्नी ऑफ 1000 किलोमीटर्स" एक अभिनव, छवि-निर्माण ब्रांड अभियान है, जिसकी कल्पना देबजीत दत्ता ने 24 पिक्चर पोस्टकार्ड के माध्यम से लगभग हर 100 किलोमीटर पर दिखाई देने वाली विविधता को प्रदर्शित करने के लिए की थी। इन्हें गंतव्य प्रस्तुति के लिए विपणन उपकरण के रूप में उपयोग किया जाता है और खरीदारों को एक ब्रोशर के रूप में बंगाल से पारंपरिक हस्तनिर्मित लकड़ी के उल्लू के साथ गंतव्य से एक स्मृति चिन्ह के रूप में सौंप दिया जाता है।

The amazing diversity of the Sikkim-Bengal region offers a life-changing experience and ITS brings this on a platter with an innovative photo journey of 1000 km from the Mountains of Himalayas in Sikkim to the Mangroves of Sundarbans in Bengal. "Mountains to Mangroves - A Journey of 1000 Kilometers" is an innovative, image-building brand campaign conceived by Debjit Dutta to showcase the diversity that appears almost every 100 kilometers through 24 picture postcards. These are used as marketing tools for destination presentation and handed over to the buyers as a brochure along with a traditional hand-crafted wooden owl from Bengal as a memento from the destination.

# पर्यटन प्रचार फिल्म (दक्षिणी क्षेत्र)
# पर्यटन विभाग, कर्नाटक सरकार
# स्क्रिप्ट योर एडवेंचर फिल्म

# Tourism Promotional Film (Southern Region)
# Department of Tourism, Government of Karnataka
# Script Your Adventure Film




अपनी टैगलाइन के अनुरूप - एक राज्य, कई दुनिया - कर्नाटक में हर तरह के पर्यटकों के लिए कुछ न कुछ है; विरासत, संस्कृति, प्रकृति, समुद्र तट आध्यात्मिक और वन्य जीवन।

इसका मूल उद्देश्य एक अकेली महिला यात्री की दृष्टि से गंतव्य को प्रदर्शित करना था; जो कर्नाटक के बारे में जाने बिना यहां आती है। और विरासत स्मारकों, साहसिक खेलों, अद्‌भुत वन्य जीवन, सुसज्जित ट्रेन की सवारी, अनछुए समुद्र तटों, की उनकी समृद्ध यात्रा पारंपरिक कलाओं से लेकर चहल-पहल भरे शहरी जीवन का अनुभव करने के बाद, उन्हें कर्नाटक से प्यार हो जाता है। यह फिल्म नायक की दृष्टि से कर्नाटक के रंगों, संस्कृतियों, स्वादों और परिदृश्यों को चित्रित करती है।

True to its tagline - One State, Many Worlds - Karnataka has something for every kind of tourist; Heritage, Culture, Nature, Beaches, Spiritual and Wildlife.

The core idea was showcasing the destination through the eyes of a solo female traveller; who comes to Karnataka with no idea of the destination. And after her epic journey ranging from heritage monuments, adventure sports, amazing wildlife, luxury train ride, pristine beaches, experiencing traditional art forms to buzzing city life, she falls in love with Karnataka. The film portrays the colours, cultures, flavours and landscapes of Karnataka through the eyes of the protagonist.

पर्यटन प्रचार फिल्म (उत्तरी क्षेत्र)
इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड

# बौद्ध परिपथ पर्यटक ट्रेन – लघु फिल्म (05:38 मिनट)

**Tourism Promotional Film (Northern Region)**

## Indian Railway Catering and Tourism Corporation Limited

## Buddhist Circuit Tourist Train – Short Film (05:38 Minutes)

IRCTC

आईआरसीटीसी बौद्ध परिपथ पर्यटक ट्रेन आपको श्रद्धेय भगवान बुद्ध के पदचिन्हों से जोड़ती है। इस शानदार यात्रा पर आईआरसीटीसी द्वारा बनाई गई लघु फिल्म यात्रियों के लिए कैलाइडोस्कोप है।


यह फिल्म एक ही यात्रा कार्यक्रम में विश्वविख्यात पर्यटन स्थलों; गया, बोधगया, राजगीर और नालंदा, सारनाथ, लुंबिनी, कुशीनगर, श्रावस्ती की यात्रा करते हुए आपको दिन-वार उत्तर मध्य भारत के भीतरी इलाकों से होते हुए नेपाल तक ले जाती है। ट्रेन की विशेषताओं को उजागर करते हुए इस लघु फिल्म को इस अद्भुत यात्रा की संपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए प्रत्येक गंतव्य स्थल को विधिवत रूप से प्रस्तुत कर सावधानीपूर्वक निर्मित किया गया है।

The IRCTC Buddhist Circuit Tourist Train connects you to the footstep trail of the revered Lord Buddha. A short film made by IRCTC on this magnificent peregrination is a kaleidoscope for travelers.

The day wise film takes you through the hinterland of North Central India crossing over to Nepal as it embarks upon a journey to world-famous destinations: Gaya, Bodhgaya, Rajgir & Nalanda, Sarnath, Lumbini, Kushinagar, Sravasti in a single itinerary. While highlighting the train features this short film has been carefully curated projecting each destination duly providing an insightful view of this unique travel.

## सूचना प्रौद्योगिकी का सबसे नवीन अभिनव प्रयोग –
विश्व के प्रारम्भिक भव्य होटलों में से एक, दि ताज महल पैलेस, मुंबई, जो दि इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड का प्रमुख होटल है, मुंबई के इतिहास का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। सर जमशेदजी एन. टाटा ने शहर में एक ऐतिहासिक स्थल स्थापित करने के संकल्प के साथ वर्ष 1903 में इस प्रतिष्ठित होटल का निर्माण किया था; अब ताज को पूरे विश्व से आंगतुकों को सेवा प्रदान करते हुए लगभग 120 वर्ष पूरे हो गए हैं। पैलेस और टॉवर में पुनर्निर्मित कमरों और सुइट्स में 543 विशिष्ट सेवाओं के साथ आनन्दप्रद आतिथ्य, सुखदायी विश्राम और दोषरहित सेवा प्रदान करने की होटल की परंपरा, जारी है। इस होटल में 9 रेस्तरां, एक शानदार जीवा स्पा, दि ताज सैलून, ताज आर्ट गैलरी, एक अत्याधुनिक व्यायामशाला तथा 10 भव्य समारोह और उत्सव-आयोजन स्थल मौजूद हैं।

One of the original grand hotels of the world, The Taj Mahal Palace, Mumbai- the Flagship Hotel of The Indian Hotels Company Limited - has grown to become an integral part of Mumbai's history. Determined to give the city a landmark Sir Jamsetji N. Tata built this icon in 1903; today, the Taj has welcomed the world for almost 120 years. The hotel's tradition of gracious hospitality, high end living and impeccable service continues in the 543 renovated rooms and suites offered across the Palace and Tower. The hotel boasts of 9 restaurants, a luxurious Jiva Spa, the Taj Salon, the Taj Art Gallery, a state-of-the-art Gymnasium and 10 grand event and banqueting spaces.

## सर्वश्रेष्ठ होटल – 5 सितारा
# दि गेटवे होटल, विजयवाड़ा

## Best Hotel – 5 Star
# The Gateway Hotel, Vijayawada



विजयवाड़ा के एमजी रोड पर स्थित दि गेटवे होटल विजयवाड़ा शहर में पर्यटन के अवसरों की खोज में अग्रणी है। इस होटल से राजसी इंद्रकीलाद्री पहाड़ियों और कृष्णा नदी का मनोरम दृश्य देखने को मिलता है जो ऐतिहासिक धरोहर और समकालीन सुविधाओं का नज़ारा प्रस्तुत करता है। एमजी रोड शहर के बीचोंबीच पर अपनी महत्वपूर्ण अवस्थिति के साथ, यह होटल विश्व के नेताओं, गणमान्य व्यक्तियों और कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए सर्वोत्कृष्ट जगह है। एक दशक से भी अधिक समय से, दि गेटवे होटल एक कुलीन जीवनशैली और शालीनतापूर्ण आतिथ्य का आधार स्तंभ रहा है, जो अब प्रसिद्ध है।

The Gateway Hotel MG Road, Vijayawada is the pioneer in exploring tourism opportunities in the city of Vijayawada. The hotel offers a panoramic view of the majestic Indrakeeladri hills and Krishna River showcasing the historical heritage and contemporary facilities. With its landmark location in the heart of the city on MG Road, the Hotel is a quintessential address for world leaders, dignitaries and corporate clients. For more than a decade, the Gateway Hotel has been the bedrock of fine living and hospitality with a refinement now legendary.

# सर्वश्रेष्ठ होटल – 4 सितारा
# ताज कुमारकम, कोट्टायम

## Best Hotel – 4 Star
## Taj Kumarakom, Kottayam



ताज कुमारकम रिज़ॉर्ट एंड स्पा, इतिहास से जुड़ा है जो वर्ष 1881 का स्मरण कराता है, जब बेकर परिवार, जिन्हें आधुनिक कुमारकम का संस्थापक माना जाता है, ने यहां अपना निवास स्थापित किया। यह प्रकृति की एक सुंदर समष्टि है जहां एक लैगून के साथ 15 एकड़ के हरे-भरे उष्णकटिबंधीय आवरण के बीच 28 विला या कॉटेज में से एक में ठहरना अपने आप में एक अनूठा अनुभव है। यह रिजॉर्ट अपने डिजाइन, शैली तथा कलाकृतियों, पोशाक और सजावट सहित अन्य स्थापनों में अपनी औपनिवेशिक विशेषता को कायम रखता है। यहां के नफीस डाइनिंग आउटलेट्स – वेम्बनाड बिस्ट्रो और करीमीन में आप ताज सिग्नेचर व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए सुविधाजनक भोजन और स्थानीय शैली के साथ फॉर्म और बैकवाटर्स के रमणीय दृश्य का आनंद ले सकते हैं।

Taj Kumarakom Resort & Spa is a slice of history and takes one back to 1881 when the Baker's family who are considered the founders of modern Kumarakom set up their residence here. Its a beautiful ensemble of nature where staying in one of the 28 exclusive villas or cottages amidst 15 acres of lush green tropical cover with a lagoon is quite a unique experience in itself. The Resort retains its colonial character in its design, styling and other appointments including artefacts, attire and décor. The cuisine served is a generous mix of Taj signature dishes, comfort food and location inspired farm and backwaters only at fine dining outlets - VEMBANAD BISTRO and CURRYMEEN.

## सर्वश्रेष्ठ विरासत होटल – ग्रैंड श्रेणी
# शिव निवास पैलेस, उदयपुर

## Best Heritage Hotel – Grand Category
# Shiv Niwas Palace, Udaipur



जहाँ सदैव राजसी गौरव का एहसास है वहां आज आप अविस्मरणीय अनुभव के लिए आमंत्रित है।

इस अर्धचंद्राकार महल का निर्माण महाराणा फतेह सिंह (शासनकाल : 1884–1930) के शासनकाल में 20वीं शताब्दी की शुरुआत में किया गया था, तथा इसे आप जैसे अतिथियों के लिए कुशलतापूर्वक अनुरक्षित और संरक्षित किया गया है।

यह महल विशेष रूप से गणमान्य आगंतुकों और मेवाड़ के राजघराने के अतिथियों के लिए आरक्षित था। आज यह अतिथियों के लिए एक भव्य विरासत महल है, जिसमें 21वीं शताब्दी की आधुनिक सुविधाओं के साथ बीती शताब्दी की भव्यता का मिश्रण देखने को मिलता है।

Where royalty has always felt at home, today you are invited to an experience of a lifetime.

The crescent-shaped palace was built in the early 20th century, in the reign of Maharana Fateh Singh (period of reign: 1884-1930), and has been meticulously maintained and preserved for guests like you.

The palace was reserved exclusively for visiting dignitaries and guests of the House of Mewar. Today it is a Grand Heritage Palace for guests, combining the elegance of the last century with modern 21st century amenities.

## सर्वश्रेष्ठ विरासत होटल – क्लासिक श्रेणी
# नीमराना फोर्ट पैलेस, राजस्थान
## Best Heritage Hotel – Classic Category
# Neemrana Fort Palace, Rajasthan



15वीं शताब्दी का नीमराना फोर्ट–पैलेस, नीमराना होटल्स का प्रमुख होटल है, जिसे पहली बार 1977 में एक विशाल खंडहर के रूप में देखा गया था, भारत में पुनःउपयोग के लिए वास्तुशिल्पीय पुनरूद्धार का एक जीता जागता उदाहरण बन गया है। कमरे / सुइट, सम्मेलन कक्ष, रेस्तरां, हैंगिंग गार्डन, प्राइवेट कोर्ट और बालकनी के साथ 14 तल तक पुनर्निर्माण करके इन महलों को रमणीय बनाया गया। स्फूर्तिदायक स्पा और हेल्थ क्लब के साथ दो आउटडोर पूल भी मौजूद हैं।

'नीमरानीकरण' शब्द, अब स्थानीय समुदायों को शामिल करते हुए एक व्यवहार्य और स्थायी पर्यटन का प्रतीक बन गया है। पुनरूद्धार की भारत में विरासत पर्यटन में निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी पहल के रूप में, नीमराना का पुनरुद्धार कार्य देशभक्ति का परिचायक है।

Neemrana Fort Palace, the 15th century flagship of Neemrana Hotels, which was first spotted in 1977 as a vast ruin, has become synonymous in India as a foremost example of architectural restoration-for-reuse. Palaces stepped over 14 levels with rooms / suites, conference halls, restaurants, hanging gardens, private courts & balconies to romance. Two outdoor pools with a rejuvenating Spa and Health Club.

The word 'Neemranification' has now come to symbolize a viable and sustainable heritage tourism involving the local communities. As India's largest private sector initiative of restoration in heritage tourism, Neemrana is an act of patriotism.

# सर्वश्रेष्ठ विरासत होटल - बेसिक श्रेणी
# शिकारबाड़ी होटल, उदयपुर
## Best Heritage Hotel – Basic Category
## Shikarbadi Hotel, Udaipur



होटल टुडे के एचआरएच ग्रुप का एकांत विश्रामस्थल दि रॉयल हंटिंग लॉज जहां आप धूप सेंक सकते हैं और अरावली पर्वतमाला के लुभावने दृश्यों का आनंद ले सकते हैं तथा जहां रोज खाने-पीने के लिए झील के किनारे आने वाले चित्तीदार हिरण, नीलगाय, जंगली सूअर, मोर और प्रवासी पक्षी अतिथियों के लिए मनोहर और रमणीय दृश्य प्रस्तुत करते हैं।

सभी सुइट और कमरे हिरण उपवन के सामने हैं, तथा आप इनसे आसपास के अभयारण्य और पहाड़ियों का भव्य दृश्य देख सकते हैं। वैभवपूर्ण आंतरिक सजावट और शाही शिकार के सुंदर प्राचीन लघुचित्र आपको किसी अन्य युग में ले जाते हैं । होटल की अपनी निजी हवाई पट्टी, देश के कुछ बेहतरीन मारवाड़ी घोड़ों की प्रजाति रखने वाला एक घुड़साल और एक क्रिकेट मैदान इसकी विशिष्टताएं हैं। शिकारबाड़ी 250 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में फैली हुई है।

The royal hunting lodge, a royal retreat of HRH Group of Hotels today, you can soak in the sun and enjoy breathtaking views of the rolling Aravalli Hills, as spotted deer, Neelgai, wild boar, peacocks, and migratory birds make their way to the waterfront. The lake draws them for their daily sustenance, and their feeding time is a delight for the guests.

All suites and rooms face the deer park, and have spectacular views of the surrounding sanctuary and hills. The luxurious interiors and beautiful old miniatures of royal hunts transport you to another era. Unique to it, the hotel has a private airstrip, a stud farm breeding some of the best Marwari horses in the country and a cricket ground. Shikarbadi covers an impressive 250 acres.

## सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण अनुकूल होटल
# आईटीसी राजपुताना, जयपुर (राजस्थान)
## Best Eco-Friendly Hotel
# ITC Rajputana, Jaipur (Rajasthan)



आईटीसी राजपुताना पारंपरिक वास्तुकला की सुंदरता का प्रतीक 'हवेलियों' की संरचना पर आधारित है, जिसमें आधुनिक तकनीक और सर्वोत्तम परिपाटियों के साथ-साथ लंबे गलियारे, फव्वारे, आच्छादित मार्ग और जालियां शामिल हैं। एलईईडी प्लेटिनम प्रामाणित इस होटल के पास 2.5 मेगावाट की एक पवन चक्की है, जो भारत में किसी होटल के स्वामित्व वाली सबसे बड़ी पवन चक्कियों में से एक है और यह इसका संचालन करता है। इस होटल में सर्वोत्तम परिपाटियों - रूफटॉप सोलर, दिन की अधिकतम रोशनी, धुँआ मुक्त पाकशाला, ऊष्मा हस्तांतरण के लिए नैनोफ्लुइड, शीतल छत, पानी का शून्य निस्तारण, एकबारगी उपयोग वाले प्लास्टिक से मुक्त परिवेश को अपनाया जाता है। जिम्मेदार विलासिता परिपाटियां मुख्य रूप से समुदाय और पर्यावरण दोनों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने पर केंद्रित हैं।

ITC Rajputana takes inspiration from the 'havelis' which embodies the beauty of traditional architecture featuring long corridors, fountains, covered arcades and lattice work along with modern technology and best practices. The LEED Platinum certified hotel owns and operates a windmill of 2.5 MW which is one of the largest hotel-owned windmills in India. The hotel follows best practices viz-Rooftop solar, maximum daylight, smoke free cooking, nanofluid for heat transfer, cool roof, zero discharge of water, single use plastic free environment. The Responsible Luxury Practices aim to create a positive impact on both the community-at-large and the environment.

# सर्वश्रेष्ठ स्टैंड-अलोन रेस्टोरेंट
# मंडप थाली - एक्सप्रेस होटल प्राइवेट लिमिटेड, वडोदरा

## Best Stand-alone Restaurant
## Mandap Thali – Express Hotels Pvt. Ltd., Vadodara



मंडप - आथेंटिक गुजराती थाली रेस्टोरेंट, गुजराती थाली का एक प्रमुख और प्रामाणिक रेस्तरां हैं, जिसे गुजरात सरकार द्वारा लगातार तीन वर्ष तक गुजरात में सर्वश्रेष्ठ गुजराती भोज स्थल के रूप में मान्यता दी गई है। रेस्तरां की मुख्य विशेषता इसका परिवेश है जो इसकी परंपरा के समान 'मंडप', अर्थात् शामियाने, की तरह ऊंचा है, जिसे पारंपरिक शैली में 'संखेड़ा' की लकड़ी से बने फर्नीचर से सजाया गया है, जो इसे उत्सव का परिवेश प्रदान करता है।

मंडप में परोसी जाने वाली थाली विशेष तौर पर गुजराती भोजन को पसंद करने वाले लोगों की पहली पसंद है। "अतिथि देवो भवः" मंडप का प्रचार-वाक्य है, जो विभिन्न वर्गों के हमारे अतिथियों को हमारी ओर फिर से आकर्षित करता है।

Mandap - Authentic Gujarati Thali Restaurant, the Signature Authentic Gujarati Thali Restaurant which has been recognized by the Government of Gujarat as the Best Gujarati Dining experience in Gujarat consecutively, for three years. The Restaurant's legend is its ambience which stands tall to its tradition as a 'Mandap' which means Shamiana, decorated in a traditional style with the furniture made up of 'Sankheda' wood, giving it a festive atmosphere.

The Mandap Thali is an all-time favourite choice for Typical Gujarati Food Lovers. "Atithi Devo Bhava" is the slogan of Mandap which keeps bringing back our valuable guests from all walks of life.

## दिव्यांग अतिथियों के लिए सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने वालां होटल
## द अशोक, नई दिल्ली
## Hotel Providing Best Facilities for the Differently Abled Guests
## The Ashok, New Delhi



दि अशोक मनोरम लुटियंस परिवेश में समरसता के साथ खड़ा नज़र आता है। यह राजधानी की चहल-पहल के बीच आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य का सार प्रस्तुत करते हुए यह एक प्रेरणादायक रूप से कल्पित शानदार वास्तुशिल्पीय डिजाइन है। इसका स्तम्भरहित सम्मेलन कक्ष अनेक दशकों से शहर का सबसे बड़ा सम्मेलन कक्ष रहा है और इसमें बहुत से भव्य उत्सवों का आयोजन किया गया है। दि अशोक ने विभिन्न प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, कार्यक्रमों और विश्व भर के राष्ट्रों के प्रमुखों एवं प्रसिद्ध हस्तियों सहित उच्चतम स्तर के गणमान्य व्यक्तियों की मेजबानी की है। यहां के विभिन्न रेस्तरां में विश्व स्तरीय व्यंजन परोसे जाते हैं। दि अशोक, विश्व स्तरीय अवसंरचना वाले प्रामाणिक भारतीय आतिथ्य का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

In harmony with its amazing Lutyen’s settings rises The Ashok. An inspirationally conceived architectural marvel designed to capture the essence of the surrounding natural wonders amidst the hustle and bustle of the capital city. The pillar-less Convention hall has been for many decades the largest in the city and a host to many milestone banquets. The Ashok has hosted several prestigious national and international conventions, events and highest level of dignitaries, including Heads of States and luminaries from across the world. Truly world class cuisine is served at various restaurants. The Ashok is a classic example of authentic Indian hospitality with world-class infrastructure.

# सर्वश्रेष्ठ होटल आधारित बैठक स्थल
# आई टी सी ग्रैंड चोला, चेन्नई
## Best Hotel Based Meeting Venue
## ITC Grand Chola, Chennai



आईटीसी ग्रैंड चोल, अपने विस्मयकारी आकार और भव्यता के साथ, अपने आप में एक मूल गंतव्य है। चेन्नई के केंद्र में स्थित यह होटल दक्षिणी भारत के महानतम साम्राज्यों शाही चोल के लिए एक भव्य श्रद्धांजलि है। इसमें चार अलग-अलग प्रवेश द्वार हैं, जिनमें से प्रत्येक की अपनी विशिष्ट कलात्मक पहचान है। होटल में अतिथियों के लिए 522 कमरे और 78 सर्विस्ड अपार्टमेंट है, जिनमें से प्रत्येक कलात्मक सौंदर्य की पराकाष्ठा को दर्शाता है। विशिष्ट रूचि वाले लोगों के लिए दस खाद्य और पेय आउटलेट हैं, जिनमें क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक व्यंजन उपलब्ध हैं। यह देश में सम्मेलन, भोज और प्रदर्शनी स्थल उपलब्ध कराने वाले सबसे बड़े सेवा प्रदाताओं में से एक है।

ITC Grand Chola, with its awe-inspiring size and grandeur, is a veritable destination unto itself. Located in the heart of Chennai the hotel is a palatial tribute to Southern India's greatest empires – the Imperial Cholas. There are four separate entry points, each with its distinct artistic identity. The hotel welcomes guests in 522 rooms and 78 serviced apartments, each of which is a triumph of design aesthetics. The ten food and beverage outlets bring regional, national and global cuisines to the cognoscenti. It offers one of the largest conference, banqueting and exhibition spaces in the country.

## सर्वश्रेष्ठ स्टैंड-अलोन कन्वेंशन सेंटर

# इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा

# इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, नोएडा

## Best Stand-alone Convention Centre

# India Exposition Mart Limited, Greater Noida



सम्मेलनों और प्रदर्शनियों के प्रबंधन और आयोजन में प्रचालन के 15 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा (आईएसओ 9001:2015, 14001:2015, और 45001:2018), भारत के सबसे बड़े एकीकृत स्थल प्रदाताओं में से हैं। यह 58 एकड़ में फैली एमआईसीई सुविधाओं से युक्त 800 व्यापार मार्ट, 14 बहुउद्देश्यीय हॉल (73,308 वर्गमीटर), 29 बैठक कक्ष (सम्मेलनों के लिए 25,000 लोगों के बैठने की क्षमता और प्रदर्शनियों के लिए प्रति दिन 2 लाख आगंतुकों की क्षमता) का संयोजन है। यहां चार विशिष्ट रेस्तरां, और शीघ्र ही निर्मित किया जाने वाला 134 कक्षों वाला अतिथि गृह, 12 प्रवेश और निकास द्वारों के साथ सड़क तक चहुंमुखी पहुंच, खुला प्रदर्शनी स्थल, तीन हेलीपैड, एक ऑनसाइट बैंक, और 2,000 कारों के लिए पार्किंग, 3 मेगावाट की सौर प्रणाली सहित 34 मेगावाट की निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा हाउसकीपिंग, अग्नि सुरक्षा, सुरक्षा, वाई-फाई और एफ एंड बी जैसी सेवाएं मौजूद हैं।

India Expo Centre & Mart, Greater Noida (ISO 9001:2015, 14001:2015, and 45001:2018), with over 15 years of operational experience in the management and organization of conferences & exhibitions, are among India's largest integrated venue providers in India. A combination of 800 Trade Marts with MICE facilities spread across 58 acres, 14 multi-purpose halls (73,308 sq m) 29 meeting rooms (25,000 seating capacity for conferences and 2 lac footfall per day for exhibitions). Four specialty restaurants, and 134 rooms upcoming guest house, 360-degree road access with 12 entry and exit gates, open exhibition space, three helipads, an onsite bank, and parking for 2,000 cars, an uninterrupted power supply of 34 MW, including 3 MW Solar systems and services include housekeeping, fire safety, security, Wi-Fi, and F&B.

## सर्वश्रेष्ठ शेफ ऑफ इंडिया
## (4 सितारा, 5 सितारा, 5 सितारा डीलक्स, विरासत क्लासिक और विरासत ग्रैंड श्रेणी)
## शेफ राकेश सेठी, रैडिसन होटल्स ग्रुप

## Best Chef of India
## (4-Star, 5-Star, 5 Star Deluxe, Heritage Classic & Heritage Grand Category
## Chef Rakesh Sethi, Radisson Hotels Group



शेफ राकेश सेठी रैडिसन होटल्स ग्रुप, दक्षिण एशिया में कॉर्पोरेट एग्जिक्यूटिव शेफ हैं। इस भूमिका में, वह विशिष्ट मेनू तैयार करने, प्रगतिशील भारतीय व्यंजन बनाने और समकालीन शैली में पारंपरिक भारतीय व्यंजनों की अपनी व्याख्या प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार हैं।

द इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, नई दिल्ली के पूर्व छात्र रहे शेफ सेठी इस उद्योग के एक दिग्गज शेफ हैं, जिन्हें देश भर के सर्वश्रेष्ठ होटलों में कार्य करने का लगभग तीन दशकों का अनुभव है। पुरस्कार विजेता शेफ सेठी, भोजन के क्षेत्र में रचनात्मकता और जुनून के अनूठा मिश्रण के साथ प्रगतिशील पाक-कला व्यवसायी हैं।

Chef Rakesh Sethi is the Corporate Executive Chef at Radisson Hotels Group, South Asia. In this role, he is responsible for designing exclusive menus, creating progressive Indian cuisine dishes, and presenting his interpretations of traditional Indian recipes in contemporary style.

An alumnus of The Institute of Hotel Management, New Delhi, he is an industry veteran with close to three decades of experience in the kitchens of best hotels across the country. Chef Sethi is an award-winning, progressive culinary professional with a unique blend of creative flair and passion for food.

## सर्वश्रेष्ठ शेफ ऑफ इंडिया (लेडी शेफ)
# शेफ नंदिता करन, द ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी ग्रुप

## Best Chef of India (Lady Chef)
# Chef Nandita Karan, The Lalit Suri Hospitality Group



शेफ नंदिता करण, दि ललित चंडीगढ़ में एग्जिक्यूटिव शेफ हैं और भारतीय एवं कॉन्टिनेंटल व्यंजनों में विशेषज्ञता रखती हैं। शेफ नंदिता की पाक-कला का सफर पटना (बिहार) में शुरू हुआ और भोजन एवं खाना पकाने में इनकी रूचि अल्प आयु में ही अपनी माँ की रसोई में विकसित हो गई थी। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, पटना से स्नातक होने के बाद, इन्होंने विश्व भर के शीर्ष आतिथ्य ब्रांडों के साथ अपने पाक-कौशल को परिष्कृत करके खाना बनाने की अपनी अभिलाषा को आगे बढ़ाया। 20 वर्ष की अपनी व्यावसायिक यात्रा के दौरान, इन्हें जेमी ओलिवर, शेफ पीटर कुरुविता और शेफ संजीव कपूर जैसे विख्यात शेफ्स के साथ कार्य करने का अवसर भी मिला।

Chef Nandita Karan is the Executive Chef at The LaLiT Chandigarh and specializes in Indian and Continental cuisines. Chef Nandita's culinary journey began in Patna (Bihar) and her love for food and cooking was developed at an early age in her mother's kitchen. After graduating from Institute of Hotel Management, Patna, she pursued her passion for cooking by refining her culinary skills with top hospitality brands across the globe. During her professional journey of 20 years, she was also fortunate to have had the opportunity to work with celebrity chefs like Jamie Oliver, Chef Peter Kuruvita, and Chef Sanjeev Kapoor.

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित अतुल्य भारत बेड एंड ब्रेकफास्ट (गोल्डन और सिल्वर)

# डाला रूस्टर पंचगनी, महाराष्ट्र

**Incredible India Bed & Breakfast Establishment**
**Approved by Ministry of Tourism, Govt. of India (Gold and Silver)**

# Dala Rooster Panchgani, Maharashtra



डाला रूस्टर, पंचगनी में भीलर घाटी और मोहू बैकवाटर के सामने छह बेडरूम वाला एक आकर्षक होमस्टे है। यह कैप्टन विकास गोखले की सौहार्द्रपूर्ण मेजबानी में पर्यावरण का पूरा ध्यान रखते हुए, सुप्रशिक्षित कर्मचारियों के साथ सभी सुविधाओं से सुसज्जित है। हम केवल ताजी सामग्री का उपयोग करके घर जैसा स्वादिष्ट खाना परोसते हैं जो अतिथियों को सर्वश्रेष्ठ आतिथ्य का अनुभव प्रदान करता है। इसके मालिक, गोपाल कृष्ण गोखले (महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरु) के प्रपौत्र हैं और इसका समृद्ध विरासत परिदृश्य अतिथियों के लिए बेहतरीन अनुभव है। यूट्यूब, ट्विटर, इंस्टाग्राम और गूगल पर डाला रूस्टर के अनेक शानदार वीडियो शंसाएं उपलब्ध होने के साथ कई प्लेटफार्मों पर इसे लगभग पांच स्टार रेटिंग प्राप्त है।

DALA ROOSTER is a beautiful six bedroom homestay in Panchgani facing the Bhilar valley and Mohu backwaters. Extremely well appointed with all the facilities with due respect to the environment, complimented by a warm host, Capt. Vikas Gokhale with our well trained staff. We serve delicious home cooked food using only freshly sourced ingredients. Ultimate hospitality experience for the guests. The owner is the great grandson of Gopal Krishna Gokhale ( Mahatma Gandhi's political guru ) and the rich heritage experience of this is the best experience for the guests. Dala Rooster has near five star ratings on several platforms with great video testimonials available on Youtube, Twitter, Instagram and Google.

राज्य सरकारों / केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों द्वारा अनुमोदित
अतुल्य भारत बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रतिष्ठान

# कोर्टयार्ड हाउस होमस्टे मंडला (मध्य प्रदेश)

**Incredible India Bed & Breakfast Establishments**
**Approved by State Governments / Union Territory Administrations**

# Courtyard House Homestay Mandla (Madhya Pradesh)



कान्हा नेशनल पार्क के शांतिपूर्ण दायरे में स्थित, कोर्टयार्ड हाउस एक बुटीक होमस्टे है। वर्ष 2013 से यह विदेशी और घरेलू पर्यटकों के लिए समान रूप से सेवाएं प्रदान कर रहा है। हमने अविस्मरणीय ईको-पर्यटन अनुभव और सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठा हासिल की है।

कोर्टयार्ड हाउस ने आतिथ्य, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदार प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह होमस्टे अपने सुरक्षित आवास, हरे-भरे वातावरण और शांत परिवेश के लिए जाना जाता है, जो छुट्टी में वन्यजीव-स्थलों के अनुभव के लिए आदर्श स्थान है। केवल पांच कमरों वाले एक किफायती आवास एवं भोजन होमस्टे के रूप में, उनका कार्बन उत्सर्जन बहुत कम है।

Situated in the peaceful confines of Kanha National Park, Courtyard House is a boutique homestay. Since the year 2013, it has been catering to overseas and domestic tourists alike. We have garnered a reputation for memorable ecotourism experience and service.

Courtyard House has excelled in hospitality, ethics, and responsible management. The homestay is known for its safe accommodation, green environment, and tranquil ambiance, ideal for a wildlife holiday experience. As an affordable B&B homestay with only five rooms, they leave fewer carbon footprints.

# सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण / कृषि / वृक्षारोपण पर्यटन परियोजना

## श्री चंदन चंद्रशेखर भदसावले, सगुना बाग

# Best Rural / Agri / Plantation Tourism Project

## Shri Chandan Chandrashekhar Bhadsavle, Saguna Baug





सगुनाबाग 55 एकड़ का कृषि नवाचार केंद्र है, जो एक महान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय श्री हरिकाका भदसावले के सिद्धांतों पर आधारित है। सगुनाबाग 'ग्रामीण/शहरी जीत की स्थिति' का एक आदर्श उदाहरण है। जहां किसानों, कृषि, कृषि भूमि, संस्कृति, स्थानीय व्यंजन, स्थानीय वास्तुकला आदि के संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण रोजगार का सृजन होता है; उसी समय जब शहर के लोग शहर के व्यस्त जीवन से निकल कर अपनी जड़ों से जुड़ रहे होते हैं।

Sagunabaug is a 55 Acre agricultural innovation centre which is based on the principles of a great Freedom fighter late Shree Harikaka Bhadsavle. Sagunabaug is a perfect example of 'a win-win-rural/urban situation', where rural employment is created together with protection of farmers, agriculture, agricultural land, culture, local cuisine, local architecture etc ; at the same time when the city folks are getting a break from hectic city life and getting connected to the roots.

# सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा पर्यटन सुविधा
## हॉल ऑफ फेम
# अपोलो हेल्थ सिटी, हैदराबाद

# Best Medical Tourism Facility
## Hall of Fame
# Apollo Health City, Hyderabad






अपोलो अस्पताल, हैदराबाद ने 34 साल पहले 450 बिस्तरों के साथ जीवन को छूने के अपने मिशन को शुरू किया था। स्थापना के बाद से, अपोलो अस्पताल को 121 देशों के 45 मिलियन से अधिक रोगियों का सम्मान और विश्वास प्राप्त हुआ। इन-पेशेंट सर्विस के लिए एक विशेष 175 बिस्तरों वाला अंतर्राष्ट्रीय पवीलियन विदेशी रोगियों की देखभाल करता है। अंतर्राष्ट्रीय डेस्क पंजीकरण, डॉक्टर के साथ अपॉइंटमेंट, रुम एडमीशन के लिए संपर्क के एकल बिंदु के रूप में कार्य करता है।

एक समर्पित हवाई अड्डा स्वागत दल और वाहन चालक 24/7 - 365 दिन विदेशी रोगियों का अभिवादन करती है।

एक समर्पित 24/7 फोन नंबर +91 40 4344 1066 और सीआरएम टीम रोगी की कॉल / ईमेल का जवाब देने के लिए हमेशा उपलब्ध रहती है। रोगी से पूछताछ के लिए परिवर्तन समय (टर्नअराउंड टाइम) 48 घंटों के भीतर है और पहली प्रतिक्रिया 10 मिनट के भीतर है।

Apollo Hospitals, Hyderabad embarked on its mission of touching lives 34 years ago with 450 beds. Since inception, Apollo Hospitals had the honour and trust of over 45 million patients from 121 countries. An exclusive 175 bedded International Pavilion for In-Patient services caters to foreign patients. International desk serves as a single point of contact for Registration, Appointments, Room admission.

A dedicated airport meet & greet team and chauffeurs to receive foreign patients 24/7 – 365 days.

A dedicated 24 / 7 phone number +91 40 4344 1066 & CRM team is always available to attend to patient calls / emails. Turnaround time for patient enquires is within 48 hours & first response within 10 mts.

## सर्वश्रेष्ठ निरोगता केंद्र (पश्चिमी क्षेत्र)

# आत्मंतन आरोग्य केंद्र, पुणे

## Best Wellness Centre (Western Region)

# Atmantan Wellness Centre, Pune



परिवर्तनकारी प्रकृति वाला आत्मंतन निरोगता केंद्र एक अद्वितीय क्रिस्टल हिल के शीर्ष पर स्थित है, जो सह्याद्री पहाड़ पर 42 एकड़ के हरे-भरे क्षेत्रफल में फैला है, जिसका मुख प्राचीन मुल्शी झील (पुणे भारत) की ओर है, आत्मा, मन और तन (शरीर) का समग्र मिलाप है।

वैज्ञानिक रूप से शोध किए गए एकीकृत स्वास्थ्य की पेशकश करने वाले आत्मंतन ने प्राच्य चिकित्सा और वैकल्पिक विज्ञान के साथ आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के भारतीय पारंपरिक विज्ञान का संबंध स्थापित किया है। अतिथि अपने भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को तरोताजा करने के लिए प्राण की इस धरती पर आते हैं।

इस पुरस्कार विजेता क्लिनिक ने भारत में आरोग्यता के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। आत्मंतन जो जीवन शैली में सुधार और रोग को उलटने के लिए एक सुरक्षित और परिणाम-उन्मुख आश्रय है, एनएबीएच (नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड ऑफ हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया) से भी मान्यता प्राप्त है।

Transformative in nature, Atmantan Wellness Centre sits atop a unique crystal hill spread over 42 acres of lush Sahyadris

Offering scientifically-researched integrated wellness, Atmantan marries Indian traditional sciences of Ayurveda & Naturopathy with oriental medicine & alternate sciences. In this land of Prana, guests come to replenish their emotional, mental & physical health.

This award-winning clinic has revolutionised wellness in India. A safe & result-oriented haven for lifestyle correction and disease reversal, Atmantan is also NABH accredited (National Accreditation Board of Hospitals & Healthcare Providers of India).

सर्वश्रेष्ठ निरोगता केंद्र (दक्षिणी क्षेत्र)

# मनालथीरम आयुर्वेदिक अस्पताल एंड अनुसंधान केंद्र प्रा. लिमिटेड, केरल

**Best Wellness Centre (Southern Region)**

# Manaltheeram Ayurvedic Hospital & Research Centre Pvt. Ltd, Kerala



केरल, भारत में स्थित मनालथीरम आयुर्वेदिक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एक ऐसा गंतव्य है, जहां आकर आयुर्वेद के प्रामाणिक उपचारों, योग और ध्यान की खोज करने की जिज्ञासा शांत हो जाती है। यह भारत सरकार के एनएबीएच द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण के लिए मान्यता प्राप्त है, इसे केरल सरकार द्वारा ग्रीन लीफ का प्रमाण पत्र दिया गया है और जर्मनी द्वारा आयुर्वेद एसपीए यूरोप प्रमाण पत्र दिया गया है।

श्री बेबी मैथ्यू ने वर्ष 1990 में "रिजॉर्ट के माहौल में आयुर्वेद अस्पताल" की अवधारणा के साथ मनालथीरम की शुरुआत की थी। आज "मनलथीरम" ने सोमथीरम आयुर्वेद समूह नाम के प्रसिद्ध ब्रांड के माध्यम से पारंपरिक आयुर्वेद, योग और ध्यान प्रदान करने के लिए एक अद्वितीय प्रतिष्ठा अर्जित की है। यह मानवता के स्वास्थ्य, सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात है।

Manaltheeram Ayurvedic Hospital & Research Centre in Kerala, India is a destination to end the search for authentic Ayurveda treatments, Yoga and Meditation. Accredited by NABH of Quality Control, Government of India, Green Leaf by Govt. of Kerala & Ayurveda SPA Europe certificate - Germany.

Mr. Baby Mathew started Manaltheeram in the year 1990 with the concept of "Ayurveda Hospital in a Resort Ambience. Today "Manaltheeram" enjoys an unparalleled reputation for providing traditional Ayurveda, Yoga and Meditation through the well-known brand name Somatheeram Ayurveda Group. It is internationally renowned for the efforts taken towards the health of humanity, social responsibility and environmental preservation.

## सर्वश्रेष्ठ पर्यटन हितैषी गोल्फ कोर्स
# हैदराबाद गोल्फ कोर्स, हैदराबाद गोल्फ एसोसिएशन

## Best Tourism Friendly Golf Course
# Hyderabad Golf Course, Hyderabad Golf Association



हैदराबाद गोल्फ कोर्स गोलकोंडा किला परिसर के धरोहर परिसर में 18 होल वाला बहुत ही साफ-सुथरा और सुव्यवस्थित पर्यावरण हितैषी गोल्फ कोर्स है, जो पर्यटकों और स्थानीय लोगों को सुविधाएं प्रदान करता है और अस्थायी और / या एक दिन की सदस्यता की सुविधा के साथ गोल्फ में रुचि रखने वाले सभी लोगों के लिए खुला है। यहां कोचिंग के लिए बहुत ही योग्य गोल्फ प्रोफेशनल हैं – शुरूआती खिलाड़ियों और नवोदित कनिष्ठ खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षित प्रमाणित प्रशिक्षकों (कोच) की सेवाएं उपलब्ध हैं, क्लब हाउस में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग शौचालय और शॉवर और हाफवे हट में शौचालय हैं। क्लब हाउस में वातानुकूलित बार, डाइनिंग, लाउंज और 400 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता वाला डेक क्षेत्र हैं।

Hyderabad Golf Course is a very well-manicured and maintained ecofriendly 18 hole golf course in the heritage premises within the Golconda fort premises providing facilities to tourists and locals and is open to everyone interested in golf with temporary and / or day membership facility. It has highly qualified golf pros for coaching - services of national trained certified coaches are available for beginners and budding junior players, separate toilet and showers for women and men at the club house and toilets at the halfway hut. The club house has air-conditioned bar, dining, lounge and deck area with a seating capacity of over 400.

सर्वश्रेष्ठ पर्यटक गाइड (उत्तरी क्षेत्र)

## श्री रमेश चंदर आनंद

Best Tourist Guide (Northern Region)

## Shri Ramesh Chander Anand



श्री रमेश चंदर आनंद पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित एक क्षेत्रीय स्तर के गाइड (आरएलजी) / अतुल्य भारत पर्यटक गाइड (आईआईटीजी) हैं। उन्होंने 1959 में, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित तीसरा गाइड ट्रेनिंग कोर्स किया था।

वह तब से गाइड के रूप में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और विदेशों और भारत से आने वाले आगंतुकों के बीच पर्यटन तथा एक यात्रा गंतव्य के रूप में भारत को बढ़ावा देने में अनवरत रूप से योगदान दे रहे हैं।

श्री आनंद भारत में आने वाले ग्राहकों को एस्कॉर्ट कर रहे हैं और पश्चिमी यूरोप तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ हिस्सों में आउटबाउंड पर्यटकों को भी एस्कॉर्ट कर रहे हैं।

Shri Ramesh Chander Anand is a Regional Level Guide (RLG) / Incredible India Tourist Guide (IITG) approved by Ministry of Tourism, Govt. of India. He had undergone the 3rd Guide Training Course conducted by the Ministry of Tourism, Govt. of India, in 1959.

He has been a Guide since then and has been continuously contributing in promoting tourism and India as a travel destination among visitors from overseas and also from India.

Shri Anand is escorting clients in India and also escorting Outbound tourists to Western Europe and parts of USA.

## सर्वश्रेष्ठ वन्यजीव गाइड (उत्तरी क्षेत्र)
## श्री यादवेंद्र सिंह राजावत

## Best Wildlife Guide (Northern Region)
## Shri Yadvendra Singh Rajawat




श्री राजावत का जन्म 26 सितंबर को सवाई माधोपुर जिले के एक छोटे से गांव ठिकाना देहलोद में हुआ था। 31 वर्षों के कार्य अनुभव में एक प्रकृतिविद् के रूप में व्यक्तिगत अवलोकन से रणथंभौर के ज्ञान के साथ सफारी के बारे में जीवनभर का अनुभव शामिल है । तब अधिकांश समय उन्होंने संरक्षण कार्य के साथ–साथ गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष वन विभाग और पर्यटन विभाग के अतिथि संकाय के रूप में भी कार्य किया। टाइगर रिजर्व और सामान्य रूप से इसके वन्यजीवों और विशेष रूप से इसके बाघों के बारे में इन्हें गहन जानकारी है। मैं रिजर्व में सभी वन्यजीव पर्यटन सेवा प्रदाताओं के साथ मिलकर काम करता हूं।

Born on 26th Sept in a small village of Sawai Madhopur District named Thikana Dehlod. His lifelong experience of safaris and knowledge of Ranthambhore from personal observation as a naturalist is unmatched. For the majority of time he served as President of the Guide Association he has worked as a guest faculty of Forest as well as the Tourism Department.  He as in-depth knowledge of the Tiger Reserve and its wildlife in general and its tigers in particular.

सर्वश्रेष्ठ वन्यजीव गाइड (पूर्वी क्षेत्र)

# श्री ललित मोहन पांडा

**Best Wildlife Guide (Eastern Region)**

# Shri Lalit Mohan Panda



एक वन्यजीव कार्यकर्ता, जिसे अपने निर्देशित इको टूर कार्यक्रमों के माध्यम से संकट में फंसे जानवरों को बचाने के जरिए प्रकृति के मूल आकर्षण को बनाए रखने के जुनून और वनस्पतियों तथा जीवों के लिए प्रेम और करुणा को बढ़ावा देने का अनूठा गौरव प्राप्त है। भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान से वन्य जीवन में पेशेवर रूप से प्रशिक्षित होने और एक पेशेवर इको टूर गाइड के रूप में श्री पांडा ने कार्य प्रारम्भ किया । श्री पांडा सामान्य पर्यटकों को ओडिशा के लिए एक इको टूरिस्ट हब के ब्रांड एंबेसडर के रूप में बदलने में कामयाब रहे हैं।

A wild life activist who has a unique distinction of having a homogenous blending of a passion to strive for preserving the pristine charm of nature through rescuing of animals in distress and promoting love and compassion for flora and fauna through guided eco tour programs. Having been trained professionally on wildlife and as a professional eco tour guide from IITTM he has been able to cater to the genuine demands of the tourists who come with loads of expectations. As an alchemist he has been able to transform general tourists to brand ambassadors of the Eco tourist hubs of Odisha.

## सर्वश्रेष्ठ वन्यजीव गाइड (पश्चिम एवं मध्य क्षेत्र)
## श्री सुभाष भावरे

## Best Wildlife Guide (West & Central Region)
## Shri Subhash Bhawre




सुभाष भावरे पिछले 14 वर्षों से मध्य प्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। स्थानीय वनस्पतियों और वन्यजीवों के बारे में उन्हे अच्छी जानकारी है।

सुभाष भावरे ने कई पर्यटकों का सफलतापूर्वक मार्गदर्शन किया है और पेंच टाइगर रिजर्व में संरक्षण के विभिन्न कार्यक्रमों/ अभ्यासों में भाग लिया है।

पेंच के अलावा वे कान्हा, सतपुड़ा, मेलघाट, ताडोबा, नागजीरा, सुंदरवन आदि में भी सेवाएं प्रदान करते हैं। उनके अथक प्रयासों से पर्यटकों को उन स्थानों के परिवेश के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने में काफी मदद मिली जहां वे गाइड का काम करते हैं। उनकी कार्यनीति और प्रकृति के प्रति उनका विनम्र समर्पण हमेशा से प्रशंसनीय है।

Subhash Bhawre has been serving tourists in the Pench Tiger Reserve, Madhya Pradesh for the last 14 years. His hold on local flora and fauna is impeccable.

Subhash Bhawre has successfully guided several tourists and has participated in various conservation exercises in Pench Tiger Reserve.

Apart from Pench, he also serves in Kanha, Satpura, Melghat, Tadoba, Nagzira, Sundervan etc. His tireless efforts have tremendously helped tourists in gaining more knowledge about the environs of the places he serves. His work ethics and humble dedication towards nature is always appreciable.

कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए पुरस्कार (पूर्वी क्षेत्र)

# श्री दावा ग्यालपो शेरपा

## Award for Devotion to Duty (Eastern Region)

# Shri Dawa Gyalpo Sherpa



दावा ग्यालपो शेरपा एक माउंटेन गाइड, साहसिक यात्रा आयोजक, होमस्टे मालिक, अग्रणी प्रकृति संरक्षक हैं। शेरपा के रूप में रोमांच उनके खून में है। उन्होंने कई अभियानों का नेतृत्व किया है और वर्ष 2018 में एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचने में एक ऑस्ट्रेलियाई पैराप्लेजिक की सहायता की, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने संदकफू में माउंटेन बाइक रेसिंग का आयोजन और उसमें प्रतिस्पर्धा की थी, होमस्टे ट्रेक – मार्च 2019, विश्व पर्यटन दिवस–साइक्लिंग रैली 2018, दार्जिलिंग में स्वच्छ भारत अभियान । शेरपा ने स्थानीय समुदायों को जिम्मेदार पर्यटन प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। माउंटेन गाइड के रूप में उनके काम को वैश्विक सराहना मिली थी। "अतिथि देवो भव" का मंत्र उनकी प्रेरणा है जो महामहिम दलाई लामा से ली गई है।


Dawa Gyalpo Sherpa is a Mountain Guide, Adventure Tour Organiser, Homestay Owner, and a Nature Conservation pioneer. As a Sherpa, adventure is in his blood. He summited and lead many expeditions, assisted an Australian paraplegic in reaching the Everest Base Camp in 2018, a world record. He had organised and competed in a Mountain Bike race in Sandakphu, Homestay Trek - March 2019, World Tourism Day–Cycling Rally 2018, Swachha Bharat Abhiyan in Darjeeling. He encouraged local communities to adopt responsible tourism practices. His work as a mountain guide had received global appreciation. “AtithiDevoBhava” is his inspiration derived from H.H. Dalai Lama.

कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए पुरस्कार (पश्चिम एंव मध्य क्षेत्र) - संयुक्त विजेता

# श्री शशिकांत जाधव, श्री एम.एच. गुलाबल, श्री रमेश गोआंकर और श्री नीतेश चंडेकर

**Award for Devotion to Duty (Western and Central Region) – Joint Winners**

# Shri Shashikant Jadhav, Shri M.H. Gulabal, Shri Ramesh Gaonkar & Shri Nitesh Chendekar



28 जुलाई 2018 को, जीवन रक्षक शशिकांत जाधव, एमएच गुलाबल, रमेश गांवकर और नितेश चांडेकर मजोरदा समुद्र तट पर 11 मछुआरों के बचाव में शामिल थे। तट से करीब 100 मीटर की दूरी पर तेज लहरों के कारण मछली पकड़ने वाली एक नाव पलट गई थी । ड्यूटी पर मौजूद जीवन रक्षकों ने इसे देखा और एलजी टावर को अलर्ट किया। जीवन रक्षक शशिकांत और नितेश तुरंत जेट्सकी पर रिंग ब्वॉय, लाइफ जैकेट और रेस्क्यू ट्यूब के साथ मौके पर पहुंचे। सभी पीड़ितों को बचाव उपकरणों से सुरक्षित निकाल लिया गया। शशिकांत ने जेट्सकी पर तीन फेरे लगाकर कुल 6 पीड़ितों को बचाया। इस बीच, पास के समुद्र तट से एक और जेट्स्की बैकअप के लिए मौके पर पहुंचा और चार मछुआरों को बचाया गया।

On 28 July 2018, lifesavers Shashikant Jadhav, MH Gulabal, Ramesh Gaonkar & Nitesh Chandekar were involved in rescue of 11 Fishermen at Majorda beach. A fishing boat capsized due to strong waves around 100 m from the shore. A lifesaver on duty spotted the same and alerted the LG tower. Lifesavers Shashikant & Nitesh immediately rushed to the spot on a jetski with Ring buoys, Life jackets and rescue tubes. All victims were secured with the rescue equipment. Shashikant secured 6 victims in total by making three rounds on the jetski. Meanwhile, another jetski from a nearby beach reached the spot for backup and rescued 4 fishermen.

# Notes

सत्यमेव जयते

भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय
Government of India, Ministry of Tourism

अतिथिदेवो भव
Atithidevo Bhava

अतुल्य!भारत
Incredible!ndia